दिनांक: 21.11.2026 समय: 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्रिक्स विमन लीडर्स समिट को संबोधित किया-महिला नेतृत्व वाले विकास पर ज़ोर दिया।
- राजस्थान पंचायत चुनाव-2026 के तहत ज़िला प्रमुख और प्रधान चुनने के लिए राजनीतिक दलों की सरगर्मियां तेज़।
- गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए देशभर में 1 करोड़ से अधिक बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।
- प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में गिरावट-शेखावाटी अंचल में तेज़ ठंड का असर।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विकास के लिए महिला नेतृत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति के लिए समान अवसर और राजनीतिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकसभा अध्यक्ष ने आज वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। ये सम्मेलन 23 नवम्बर तक चलेगा। □समें ब्रिक्स देशों सहित अन्य देशों की महिला सांसद, नीति निर्माता, शिक्षाविद् और विशेषज्ञ भाग ले रही हैं। □स दौरान महिला नेतृत्व, राजनीतिक सहभागिता और क्षमता निर्माण सहित अन्य विषयों पर अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जा रहा है। श्री बिरला ने □स दौरान कृषि, शिक्षा, ग्रामीण विकास और अन्य क्षेत्रों में भारत में महिला सशक्तिकरण के किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। लोकसभा अध्यक्ष ने जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, सा□बर अपराध और तस्करी सहित अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए साझा प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति और स्थिरता से ही सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

000

राजस्थान पंचायत चुनाव 2026 में 37 जिलों की जिला परिषद और 419 पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए नतीजे जारी होने के बाद अब सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। घोषित परिणामों में विपक्षी दल कांग्रेस को बढ़त मिली। वहीं सत्तारूढ़ दल भाजपा को आशाजनक जनादेश नहीं मिला सका। दोनों प्रमुख दलों के अलावा आरएलपी, बीएपी और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी कई स्थानों पर जनता का भरोसा जीता। जिला प्रमुख और प्रधान पदों के लिए राजनैतिक दल समीकरण साधने में जुट गये हैं। जिला प्रमुख के चुनाव 25 नवम्बर को होंगे। उपजिला प्रमुख 26 नवम्बर को चुने जाएंगे। □सके बाद 27 नवम्बर को प्रधान पद के चुनाव होंगे। वहीं 28 नवम्बर को उप प्रधान के लिए चुनाव होंगे।

□स बीच, कल हुई मतगणना में 28 बूथों पर ईवीएम नहीं खुली। □स कारण जिला परिषदों के 6 वार्ड और पंचायत समितियों के 22 वार्डों के नतीजे जारी नहीं हो सके। राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम की तकनीकी खराबी को देखते हुए □न बूथों पर कल दोबारा मतदान कराने का निर्णय लिया है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और कल ही रात 9 बजे से वोटों की गिनती की जाएगी।

000

कोटपूतली-बहरोड़ के बानसूर क्षेत्र में आज एक रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव से अचानक आग लग गई। बाढ़ मिलकपुर गांव में हुए □स हादसे में करीब 25 लोग झुलस गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से झुलसे 15 लोगों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर

किया गया है। वहीं अन्य घायलों का कोटपूतली और बानसूर के अस्पतालों में □लाज किया जा रहा है। एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. रशिम कटारिया ने बताया कि □नमें से चार मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका बर्न आईसीयू में □लाज जारी है।

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आज जयपुर में तीन महिला सुरक्षा पिंक बूथों का उद्घाटन किया। ये पहल जयपुर पुलिस की ओर से शहर में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने और त्वरित सहायता को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। मीडिया से बातचीत में डीजीपी ने □से महिला सुरक्षा की दिशा में अहम बताया। श्री शर्मा ने कहा कि □ससे महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल मिलेगा। साथ ही शिकायत दर्ज कराना आसान होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से अपनी सोच को व्यापक बनाने और नई संभावनाएं तलाशने की अपील की है। श्री मोदी आज आईआईटी खड़गपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमित विश्वास से सपने भी सीमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सोच का दायरा बड़ा होना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए नवाचार करने को कहा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार गरीबों को सशक्त बनाने के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है।

000

देशभर में एक करोड़ से अधिक बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी हैं। □स साल फरवरी महीने से शुरू हुए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत नौ महीने से भी कम समय में ये उपलब्धि हासिल की गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि अभियान के तहत वार्षिक लक्ष्य का लगभग 87 प्रतिशत कवरेज कर लिया गया है। महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका 14 वर्षीय बालिकाओं को लगाया जाता है। ये टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क लगाया जा रहा है।

राजस्थान में भी एचपीवी टीकाकरण के लिए व्यापक जन जागरुकता फैलाई जा रही है। राज्य टीकाकरण परियोजना निदेशक डॉ. रघुराज ने बताया कि प्रदेश में 6 लाख 29 हजार से अधिक बच्चियों को एचपीवी टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जा रहा है।

000

राज्य के 32 जिलों में कल उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसमें 5 साल तक के 92 लाख 83 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एनएचएम निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि प्रदेशभर में 59 हजार से अधिक बूथों पर ये दवा दी जाएगी। □सके लिए 75 हजार से ज्यादा टीमें गठित की गई हैं। □नमें करीब 7 हजार ट्रांजिट और 9 हजार मोबा□ल टीमें भी रहेंगी। ये टीमें बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य आवागमन स्थलों पर उपलब्ध रहेंगी। अभियान में घुमक्कड़ जनजाति के डेरों, ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों और दुर्गम क्षेत्र के बच्चों का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। □सके बाद अगले दो दिन घर-घर जाकर दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों मंे स्वास्थ्यकर्मियों, ए.एन.एम., आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी

कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत आज विभिन्न स्थानों पर जनजागरुकता रैलियां भी आयोजित की गईं।

000

प्रदेश में सर्दी का असर अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री नीचे मापा जा रहा है। शेखावाटी अंचल में सुबह-शाम तेज ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में रात का पारा 6 डिग्री सेल्सियस के आस-पास मापा गया। वहीं चूरू, झुंझुनूं, नागौर में भी तेज सर्दी ने दस्तक दे दी है। सिरोही के आबूराज में न्यूनतम तापमान आज 5 दशमलव 7 डिग्री दर्ज हुआ। उदयपुर और भीलवाड़ा में भी रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आस-पास दर्ज हुआ। रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 31 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रहा। □सके अलावा, लगभग सभी स्थानों पर दिन का तापमान औसतन 27-28 डिग्री मापा जा रहा है। राज्य में आज से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। □सके असर से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में कल बादल छाये रहने के आसार हैं।

000

सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्री नानक देवजी के 557वें प्रकाश पर्व के लिए कई तैयारियां की जा रही हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन नानक देव जी का गुरू पर्व मनाया जाता है। □स उपलक्ष में गुरूद्वारों को रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। साथ ही गुरूवाणी, शबद-कीर्तन, अरदास और लंगर के आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। □सी कड़ी में प्रभात फेरियां भी निकाली जा रही हैं। पाली और श्रीगंगानगर में आज नगर कीर्तन निकाला गया। □समें अखाड़ों की गतका पार्टी की ओर से कई हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गये।

000